तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 3 जुलाई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 स्वामी आत्मानंद में मनाया शाला प्रवेश उत्सव...



14 युक्तियुक्तकरण को लेकर छात्र संगठन ने चक्काजाम...



## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणो के चलते युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत खुटगांव के पास 30 जून से 1 जुलाई के बीच धमतरी जिला के मगरलोड थानांतर्गत ग्राम सांकरा निवासी 22 वर्षीय ममता कंवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खुटगांव निवासी विक्टोरिया ने पुलिस को बताया कि मृतिका किराया के मकान में रहकर ग्राम राहुरवाही में पोस्ट ऑफिस में पदस्थ थी। अपने सहेली के साथ किराये के मकान में रहती थी। मृतिका ने अज्ञात कारणों के चलते किराये के घर में अपनी चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती ने आत्महत्या क्यों किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सांप के डसने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कापसी निवासी देवकी भुरकुरिया के हाथ को सांप ने डस लिया, जिसके कारण उसकी 1 जुलाई को दोपहर 3 बजें मौत हो गया। बड़े कापसी निवासी राजू राम भुरकुरिया ने घटना की जानकारी पखांजुर पुलिस को दिया, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ षष्ठम विधानसभा का छठवां मानसून सत्र 14 जुलाई सोमवार पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ होकर 18 जुलाई 2025 तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शक्तिनगर पीव्ही 107 निवासी बसन बसु सड़क दुर्घटना होने के से गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पीव्ही 107 निवासी विश्वनाथ बासु ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने घर से मोटर सायकल में सवार होकर 30 जून को महाराष्ट्र गया था। वापस आते समय ईरपानार के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सर्पदंश से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत चाउरगांव निवासी 19 वर्षीय भुपेंद्र पुंगारी का इलाज के दौरान 30 जून को मौत हो गया। चाउरगांव निवासी मोहन लाल पुंगारी ने पुलिस को बताया कि मृतक रात को खाना खाकर कमरे में सोया हुआ था। रात करीबन 10 बजे सांप ने काट लिया। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गूकोंदल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिले में अब तक 2404.9 मिलीमीटर वर्षा की गई दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 2409.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 393.7 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 90.9 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 234.8 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 276.9 मिलीमीटर, चारामा.में 161.2 मिमी., अंतागढ़ में 328.7, पखांजूर में 256.8, नरहरपुर में 172.2, सरोना में 113.5 और आमाबेड़ा में 278.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में भानुप्रतापपुर तहसील में सबसे अधिक 46.4 मिलीमीटर और चारामा तहसील में सबसे कम 1 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

**अपराध :** जिला पंचायत के फर्जी आदेश देकर व्यापारियों से करोड़ों की किया ठगी

# वाटर शेड के कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल ने की करोड़ों की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

15 लाख की धोखाधड़ी में जेल जाने वाले वाटर शेड के कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल ने जिला पंचायत के अधिकारियों एवं अन्य जिले के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर कार्य करने का आदेश देकर व्यापारियों से कमीशन ले लिया, परंतु काम नहीं दिया। पुलिस के पास 15 लाख के अलावा 46 लाख की धोखाधड़ी का भी आवेदन आया है। कृषि विभाग के वाटर शेड में संविदा में कार्यरत कंप्यूटर कम लेखापाल की कार्यशैली की जांच की जाए, तो बड़ा खुलासा हो सकता है।

■ जांच करने पर लगभग 3 करोड़ की गड़बड़ी का हो सकता है खुलासा : व्यापारी

जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को जेल भेज दिया। इसके बाद पुलिस को अभी तक दो आवेदन मिले है, इसके अलावा एक आवेदन भी और पहुंचा है।

इन आवेदनों की ठगी की रकम लगभग 46 लाख के आसपास है। ठगी के शिकार कई व्यापारी हुए है, परंतु नाम खराब होने के चलते कई व्यापारी सामने नहीं आ रहे है। एक व्यापारी ने जिला पंचायत का एक आदेश दिखाया और उसकी जब शिकायत किया गया तो वह आदेश फर्जी निकला। जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी ने बताया कि इस तरह का आदेश जिला पंचायत से जारी नहीं हुआ है। फर्जी आदेश बनाकर व्यापारियों को दिखाकर काम दिलवाने का बड़ा खेल आरोपी ने किया था। व्यापारियों का कहना है कि वाटर शेड कोड़ेजुंगा की जांच कर दिया जाएं तो इसके प्रोजेक्ट आफीसर की कार्यशैली का खुलासा हो ▶▶| शेष पेज 12 पर


अपराध : कृषि विभाग में टेंडर दिलाने के नाम पर 15 लाख लेकर नहीं दिलाया काम

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटा हुआ ठगी का शिकार, पुलिस ने दोनों ठगों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

आरोपियों को प्रार्थी ने दिया ऐसे रकम

### एक सप्ताह में मिला दो का ढाई लाख

एक व्यापारी ने यह भी बताया कि मेरे से 2 लाख एक सप्ताह के लिए लेकर यह कहा कि ढाई लाख वापिस कर दिया जाएगा। उसने ढाई लाख वापिस भी कर दिया। इस तरह से विश्वास में आकर व्यापारी ने फिर से उसे एक सप्ताह में इतना ब्याज मिलने के चक्कर में बड़ी रकम लेकर धोखाधड़ी भी किया है। कई लोगों ने मूलधन से ज्यादा ब्याज तक वसूल लिया है। पुलिस इस मामले की कितनी गहराई तक जाँच करती है या इसी मामले में इतिश्री कर देती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### आरोपी ने इतनी रकम का क्या किया, जाँच का विषय

कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल ने इतनी रकम का किस काम में उपयोग में लाया, उसकी जाँच कर दिया जाए तो बड़े चेहरे उजागर हो सकते है। कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल किसके जाल में फंसकर ऐसा खेल खेलने के लिए मजबूर हो गया। यह बड़ी जाँच का विषय है। कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल की कार्यशैली को उच्च अधिकारियों ने सही ढँग से मानीटरिंग नहीं किया, जिससे चार साल से यह खेल चलता रहा।

### करोड़ों के स्कैम में कई चेहरे संलिप्त

करोड़ो के इस स्कैम में कई नामी गिरामी चेहरे भी संलिप्त है, पुलिस उन तक पहुँचने के लिए उस दिशा पर काम करती है या केवल धोखाधड़ी का अपराध दर्ज करके यहीं पर जाँच की इतिश्री कर देती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रकम जिसकी फंसी है, वो बहुत ही परेशान है। कई मानसिक बीमारी से ग्रसित हो चुके है या कई रकम के डूबने की संभावना पर अपने आप को मजबूर समझ लिए है।

### कृषि विभाग करेगा जांच, होगी कार्रवाई

कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक जितेंद्र कोमरा से इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, इसकी जाँच किया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। पुलिस से रिपोर्ट आने पर कंप्यूटर आपरेटर कम लेखापाल संविदा के पद पर कार्यरत था, उसकी सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते और अंग्रेजी शराब के साथ कोचिया पकड़ाया




**कांकेर।** चारामा और बड़गांव पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचिए और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालो के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए छापामार कार्रवाई किया और दो लोगों को धर दबोचा। चारामा पुलिस ने 1 जुलाई को शाम साढ़े 6 बजे उड़कुड़ा में छापामार कार्रवाई किया और सार्वजनिक स्थाना पर शराब पीते हुए आरोपी ठाकुरपारा उड़कुड़ा निवासी दिनाराम यादव को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 1 पौवा प्लेन देशी शराब, दो नग प्लास्टीक डिस्पोजल, दो नग पानी पाउच को जब्त कर धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा बड़गांव पुलिस ने 1 जुलाई को सुबह साढ़े 8 बजें छापामार कार्रवाई किया। आरोपी गांधी चौक बड़गांव निवासी 60 वर्षीय बंदू राम सिंहा के घर दबिश दिया। तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 नग गोल्डन गोवा शराब कीमती 600 रूपएं और नगद 240 रूपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## नक्सलियों पर कसी जा रही है नकेल अब भ्रष्टाचारियों पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नारायणपुर जाते समय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वनमंत्री केदार कश्यप कुछ देर के लिए भानुप्रतापपुर में रुके और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूछे गया सवालों का जवाब भी दिया। मीडिया से संवाद करने के दौरान पत्रकारों ने उप मुख्यमंत्री से पूछा कि नक्सली कम हो रहे है, पर भ्रष्टाचार बढ़ते जा रहा है, इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलियों पर लगातार नकेल कसा जा रहा है, रही बात कार्यों पर भ्रष्टाचार की, उसकी शिकायत मिलने पर भी कार्रवाई होगी। इसके लिए जो भी कानून है, उसके हिसाब से करवाई किया जाएगा। प्रदेश में रोहंगिया बाहर से आकर जमे हुए इस कार्यवाही चल रही है, अभी तक क्या स्थिति है। इस सवाल पर कहा कि पूरे प्रदेश में इसकी जांच चल रही है और कार्रवाई भी चल रही है। लोगों से अपील भी किया जा रहा है, जो भी बाहरी व्यक्ति रह रहे है,



■ उप मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री से मिले भाजपा कार्यकर्ता

किसी के घर में कही काम कर रहे हैं, इसके लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी किया गया है, उसमें जानकारी दिया जाए। कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का मोबाइल चोरी मामले में पुलिस पर सवाल उठाना गलत है। कांग्रेस पार्टी की अपनी खुद की बैठक थी, उसमें मोबाइल चोरी होना, उन्हें खुद के लोगो पर सवाल उठाना चाहिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भानुप्रतापपुर के भानुप्रतापदेव चौक में रुके और भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों से भी चर्चा किया। पार्टी की गतिविधियों ▶▶| शेष पेज 12 पर



## डीएपी खाद समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम

**भानुप्रतापपुर।** अंचल में डीएपी खाद की कमी को लेकर कांग्रेसियों ने भानुप्रतापपुर से कोरर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम होने से आवागमन बाधित हुआ। तहसीलदार एवं लैंपस प्रबंधक ने आक्रोशित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को समझाया कि खाद आ गई है, तब जाकर आधा घंटा बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिँह ठाकुर ने कहा किसान खाद नहीं मिलने से बेहद परेशान है, अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे है। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा एक बार फिर से आश्वासन दिया की कुछ खाद आ गया है और जल्दी ही खाद पहुँच जाएगा।

## किसानों को धान की अंतर राशि का बोनस मिलने पर किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा/सरोना

दुधावा जलाशय डुबान क्षेत्र के प्रभावित किसानों को लंबे समय बाद धान की अंतर राशि के रूप में बोनस प्राप्त हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र के किसानों में हर्ष की लहर है। इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए किसानों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक आशाराम नेताम का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

■ किसानों ने सीएम विष्णुदेव साय वं विधायक आशाराम नेताम का जताया आभार



जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के दुधावा जलाशय क्षेत्र सहित धमतरी जिले के नगरी विधानसभा के प्रभावित किसानों को अंतर की बोनस राशि प्रदान किया गया है। यह राशि भाजपा नेताओं के लगातार प्रयासों का परिणाम है, विशेष रूप से कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम के अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू एवं धमतरी जिले के प्रतिनिधि की पहल से माँग पूरी हो पाई है। विधायक आशाराम नेताम ने इस अवसर पर कहा कि डूबान प्रभावित किसानों को धान की अंतर राशि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान बंद कर दी गई थी। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों की यह जायज मांग पूरी तरह से अनसुनी की गई, लेकिन भाजपा की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों की पीड़ा को समझते हुए एक वर्ष की अंतर राशि तत्काल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सिविल मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का प्रोजेक्ट कार्य संपन्न

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक में अंतिम वर्ष सिविल मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं का प्रोजेक्ट कार्य संपन्न किया गया। प्रोजेक्ट कार्य में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रस्तुत किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि इसमें मुख्यतः 20 मंजिल भूकंप रोधी भवन मॉडलिग, सस्पेंशन ब्रिज का मॉडल, हाइड्रो पावर प्लांट डेम सिविल का मॉडल व सोलर कुलर



वर्किंग मॉडल मैकेनिकल इत्यादि शामिल था। प्रोजेक्ट कार्य पूरा होने के साथ छात्र-छात्राओं के डिप्लोमा एजुकेशन पूर्ण हुए। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, वाहन सवार पिता-पुत्र के पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

डांगरा के पास बुधवार 2 जुलाई को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से

■ नशे में था ट्रैक्टर चालक डांगरा के पास हुआ हादसा

ट्रैक्टर को चलाते हुए बाईक को ठोकर मारी, जिसमें बाईक में सवार पिता एवं पुत्र के पैर कट गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने





जाँच शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार 2 जुलाई बुधवार को दोपहर को साढ़े 3 बजे के आसपास दुर्गुकोंदल से संबलपुर मार्ग पर दुर्गूकोंदल से लगभग 6 किमी. की दूरी पर दुर्गूकोंदल से डांगरा की ओर जा रहे बिना नंबर के ट्रैक्टर के चालक ने संबलपुर की ओर से आ रहे बिना नंबर की मोटर सायकल को ठोकर मार ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुई घटनाः टीआई

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव ने बताया कि घटना दुर्गुकोंदल संबलपुर मार्ग डांगरा के पास मेन रोड में ट्रैक्टर चालक के लापरवाही से घटना हुई है। ट्रैक्टर चालक बलदेव मरकाम निवासी भुसकी को हिरातस में लेकर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत 3620 संरचनाएं होंगी तैयार**

## भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए पहाड़ी से घाटी तक की नीति पर हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा ॠतु में जल संचयन कर जिले को जल संकट से स्थायी रूप से निजात दिलाना है, साथ ही मनरेगा योजना के तहत जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तेज गति से जारी है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि जिले में जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में पहाड़ी ढलानों पर कुल 3620 से अधिक संरचनाएं बनाई जा चुकी हैं। इस वर्ष 1666 से अधिक जल संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें तालाब निर्माण, निजी कृषि तालाब, सोखता गड्ढे, लूज बोल्डर चेक डेम, गैबियन स्ट्रक्चर, अर्दन डैम, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, सोक पिट, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज, परकोलेशन टैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल है।

इन संरचनाओं का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को रोकना और उसे धरती में समाहित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में आधुनिक जीआईएस यानी जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसकी मदद से रिज टू वैली (पहाड़ी से घाटी तक) सिद्धांत पर आधारित स्ट्रक्चर्स की प्लानिंग की गई है, ताकि बारिश का पानी व्यवस्थित तरीके से संरचनाओं में एकत्र हो और अधिकतम जल संचयन हो सके।





### समस्या का मिलेगा स्थायी समाधान

पूर्व में इन क्षेत्रों में वर्षा जल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिट्टी कटाव की समस्या उत्पन्न होती थी। अब इन संरचनाओं के निर्माण से न केवल जल संरक्षण होगा, बल्कि मिट्टी कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा। नालों का बहाव धीमा होगा और पानी धीरे-धीरे भूमि में रिसकर भू-जल भंडार को समृद्ध करेगा। यह प्रयास जिले में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय समुदायों की आजीविका को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## आंगनबाड़ी केंद्र का भवन कई वर्षो से चढ़ा है उपेक्षा की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सरोना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 की हालत किसी जर्जर खंडहर से कम नहीं है। नर्सरीपारा में संचालित इस केंद्र की स्थिति ऐसी है कि वहां बच्चों को बैठाना भी मानो खतरे से खेलने जैसा हो गया है। आंगनबाड़ी के स्टाप ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया है, परंतु किसी ने सुध नहीं लिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि सरोना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 की छतों से टपकता पानी, दीवारों में गहरी दरारें, सीलन, टूटी खिड़कियां और फिसलन भरा फर्श यह उस भवन की असलियत है। बरसात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। भारी वर्षा के दौरान जब छत से पानी कमरे में झरने की तरह गिरता है, तब बच्चों को इधर-उधर



■ बारिश में टपकती छतें और टूटी खिड़कियां बनीं बच्चों के लिए गंभीर खतरा

समेट कर बैठाना पड़ता है या कई बार अभिभावक अपने बच्चों को केंद्र भेजने से ही कतराते हैं। कई बार बच्चों के फिसलने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे पालकों को चिंता बनी रहती है। आंगनबाड़ी केंद्र न सिर्फ शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र है, बल्कि गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए पोषण और परामर्श का ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में शिक्षक हुए घायल, रायपुर किया रेफर

फरसगांव। माकड़ी क्षेत्र के ग्राम कुमगांव के पास मंगलवार को रात करीब 7 बजे ग्राम राँधना निवासी दिनेश शोरी पिता सुरेश कुमार शोरी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। उनके सर में गम्भीर चोट आई है। बेहोश होने के चलते उन्हें रात को ही बेहतर उपचार हेतु रायपुर रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार दिनेश शोरी शिक्षक है जो राँधना में स्थित स्कूल में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ है। जो मंगलवार को शाम अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने घर जा रहे थे तभी सड़क हादसे का शिकार हो गए। वह कुमगांव के पास रोड में घायल अवस्था में पड़े हुए थे। हादसा कैसे हुआ है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी होगी ।

### खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई टिप्पर, चालक हुआ घायल



फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 चिचाड़ी पुल में बुधवार की सुबह करीब 5 बजे रोड किनारे खड़ी टिप्पर वाहन के पीछे दूसरी टिप्पर वाहन टकरा गई। जिससे टिप्पर का चालक रीवा निवासी बाबूलाल यादव पिता छोटे लाल यादव वाहन में फंसा हुआ, जिसे एक घंटे की कड़ी मशकत के बाद बाहर निकलाया गया। चालक के पैर में गम्भीर चोट आई है, फरसगांव थाना पुलिस ने घायल चालक को पुलिस वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है ।

### जन्मदिन पर एसडीएम ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



फरसगांव। फरसगांव राजस्व अनुविभागीय अधिकारी अशवन कुमार पुसाम ने 2 जुलाई बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर में कटहल का पेड़ लगाकर पौधारोपण किया। वहीं उम्मीद सामजिक संस्था के सदस्यों, एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय में रहने वाले कर्मचारियों के साथ केक काटकर जन्मदिन को मनाया, सभी लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीएम अशवन कुमार पुसाम ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है, पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। जब तक हरे- भरे वृक्ष है तब तक हमारी सांसे सुरक्षित है इसी संदेश के साथ हम सभी को पर्यावरण को बचाये रखने अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए और लोगो को भी पेड़ लगाने जागरूक करना चाहिए । पेड़ पौधे लगाने के साथ उनकी रक्षा करना भी जरूरी है । एसडीएम ने अपने सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाये और उनके संरक्षण व संवर्धन भी करे । इस दौरान तहसीलदार डॉ जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, आरआई गुमान दीवान, उम्मीद के सदस्य फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, पत्रकार रामकुमार भारद्वाज, अनिल नेताम, पटवारी शिव पोयम, पवन नेताम,भृत्य दीनू निर्मलकर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा समिति ने लिए अहम निर्णय, नियम उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सड़क किनारे खड़े वाहनों पर तत्काल कार्रवाई हो।

सड़कों पर फसलें सुखाने की प्रवृत्ति पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में तय किया गया कि बिना हेलमेट, बिना वैध दस्तावेजों, और क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए और दोषियों पर चालानी कार्रवाई की जाए।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### अधिकारी—कर्मचारी भी होंगे जवाबदेह

सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी।



### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया सहित यातायात, स्वास्थ्य, नगर पालिका, लोक निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

सड़क सुरक्षा के लिए चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स और हाई रिस्क जोन में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। संबंधित विभागों को इन कार्योंं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने दोहराया कि शराब, नशीले पदार्थोंं के सेवन के बाद वाहन चलाने, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, बिना लाइसेंस और बिना सीट बेल्ट जैसे मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पशुपालकों से जुर्माना वसूलने का निर्देश दिया गया। प्रमुख मार्गोंं पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ हादसे में सहायता करने वाले नागरिकों को 'राहवीर योजना' के तहत प्रोत्साहन देने का निर्णय भी लिया गया।

## पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष कार्रवाई, 11 राज्यों में सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़

# फरसगांव पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठगों का किया पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

जिला कोंडागांव के फरसगांव थाना पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 11 राज्यों में वांछित 5 अंतर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लगभग 1.70 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड में संलिप्त थे।

■ म्यूल अकाउंट से फ्रॉड प्रयागराज एयरपोर्ट पर बड़ा खुलासा

पुलिस की इस कार्रवाई में आरोपी बिलासपुर और प्रयागराज से गिरफ्तार किए गए।

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा म्यूल अकाउंट और साइबर अपराध पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश मिलने के बाद कोण्डागांव के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में विशेष कार्रवाई शुरू की गई। इस तारतम्य में एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे और सायबर सेल के सदस्य शामिल थे। इनकी लगातार मेहनत से आरोपियों तक पहुंच संभव हो पाई।

**फ्रॉड का तरीका :** सायबर फ्रॉड के लिए म्यूल अकाउंट्स का प्रयोग किया जाता था। गरीब या लालची व्यक्तियों से उनके नाम पर बैंक खाता खुलवाया जाता और खाते से जुड़ी सभी चीजें—जैसे एटीएम, पासबुक, मोबाइल सिम आदि, गिरोह अपने पास रख लेता था। लेयर–1 से लेकर लेयर–4 तक इन खातों को ऊंची कीमतों पर बेचा जाता और अंततः उनका उपयोग साइबर फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, ट्रेडिंग स्कैम और अवैध ऑनलाइन बेटिंग में किया जाता था।



### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में निम्न अधिकारियों और कर्मचारियों की उल्लेखनीय भूमिका रही। एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, निरीक्षक संजय सिन्दे, सायबर सेल प्रभारी परमेश्वर साहू। टीम सदस्य अजय मरकाम, संतोष कोडोपी, मनोज पोयाम, रजउ राम, पितांबर कठार आदि। तकनीकी विश्लेषक लोमेन्द्र भण्डारी। गिरफ्तार आरोपी, जे. सुधाकर पटनायक दुर्ग, रवि साहू भिलाई, दुर्गेश कुमार सोनी दुर्ग, चन्दन कुमार विश्वकर्मा भिलाई, प्रभाकर, राय फरसगांव, जप्त संपत्ति कुल 10 से अधिक मोबाइल फोन 6 से अधिक एटीएम कार्ड, नकद राशि 5,900 कई साइबर फ्रॉड से जुड़े बैंक अकाउंट की जानकारी साइबर अपराधियों का पर्दाफाश हुआ। पुलिस की इस कार्यवाही से साइबर अपराधियों के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। यह कार्रवाई न केवल छत्तीसगढ़ में, बल्कि अन्य राज्यों की पुलिस के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि समन्वित प्रयास और तकनीकी दक्षता से ऐसे गिरोहों को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

### उधेड़ी गईं म्यूल अकाउंट की परतें

मामला में दर्ज अपराध क्रमांक 46/2025 से शुरू हुआ। जिसमें भावेश तारम नामक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इसके बाद म्यूल अकाउंट से जुड़े लेयर–2 और लेयर–3 के अन्य शातिर आरोपियों की पहचान की गई। फरसगांव थाना में ही तीन और अपराध क्रमांक 82/2025, 83/2025 और 84/2025 दर्ज हुए, जिनका विश्लेषण करने पर सभी मामलों के एक ही गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि हुई।

### प्रयागराज एयरपोर्ट पर हुआ बड़ा खुलासा

प्रभाकर राय नामक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद शेष साथियों की जानकारी मिली। आरोपी पुलिस से बचने फ्लाइट से प्रयागराज भाग निकले, लेकिन एसडीओपी उपाध्याय की तत्परता और तकनीकी विश्लेषण की मदद से रायपुर एयरपोर्ट से तुरंत सूचना एकत्र की गई और सीआईएसएफ व प्रयागराज पुलिस की मदद से उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया। इन आरोपियों को पुलिस की टीम ट्रांजिट रिमांड पर कोण्डागांव लाकर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज गया।

### अन्य राज्यों की पुलिस को भी जानकारी साझा

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान 34 अन्य संदिग्ध खातों की जानकारी भी सामने आई है, जिनमें लगभग 9.39 लाख रुपये की राशि पाई गई है। संबंधित बैंक खातों को होल्ड करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उड़ीसा, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस से इन अपराधियों की जानकारी साझा की जाएगी।

# बहीगांव चारभाटा तिराहा से 12 लीटर अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन एवं अतिद्व पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण कुमार नेताम को पर्यवेक्षण में शकाल पुलिस के द्वारा दिनांक 01.07.2025 को कस्बा पेट्रोलिंग गस्त एवं जुर्म जरायम पतासाजी पर शासकीय वाहन में रवाना हुये थे पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि बहीगाँव चारभाटा तिराहा के पास एनएव 30 में शराब बिक्री कर रहा है।

रेड कार्यवाही करने पर एक व्यक्ति शराब बिकी करते मिला जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवलाल नेताम पिता सुकालूराम नेताम जाति गोंड उब 42 वर्ष निवासी बहीगाँव कोनाडीपारा थाना केशकाल जिला कोण्डागाँव छ.ग. का होना बताया नीला थैला को चेक किया गया जो थैला में देशी अंग्रेजी शराब प्लेन शराब का पौवा 14 नग प्रत्येक में 180 एमएल पूरी भरी 04 नग मूड आफ का पौवा प्रत्येक में 100 एमएल पूरी भरी 12 नग जम्मू शीतकी का पौवा प्रत्येक में 180 एमएल पूरी भरी, 10 नग सिम्बा बीयर प्रत्येक में 660 एमएल पूरी भरी, 04 नग केन बीयर प्रत्येक में 500 एम एल पूरी भरी अग्रेजी शराब बीयर बाटल व केन बीयर जुमला 34 पौवाध्बियर बाटल एवं केन जुमला 12.100 लीटर कीमती 6000 रुपये जप्ती किया गया व अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान सहायक उपनिरीक्षक हेमन्त देवांगन, आरक्षक 615 अमित मण्डावी, आरक्षक 824 मनोहर निषाद की अहम भूमिका रही।

# केशकाल में महिला बस्तर फाइटर की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र में पदस्थ एक महिला आरक्षक बस्तर फाइटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला, जिससे पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला आरक्षक की काफी देर तक कोई आवाज न आने पर पुलिस को सूचना दी गई। दरवाजा खटखटाने के बावजूद न खुलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां महिला आरक्षक की लाश फंदे पर लटकी मिली। मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेजा गया है। फिलहाल पुलिस मौत की वजह का पता लगाने के लिए जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतिका के पिता भी पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं और किसी अन्य जिले में पदस्थ हैं। महिला आरक्षक की आत्महत्या के पीछे क्या कारण हैं, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं, घटना की हत्या या आत्महत्या के एंगल से भी जांच की जा रही है।



# हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव नवप्रवेशी बच्चों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव में संकुल स्तर अन्तर्गत बालक हाईस्कूल शाला मे राज्य शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ महतारी के पूजा अर्चना कर शाला प्रवेशोत्सव शुभारंभ किया गया। कक्षा 6वीं, 9वी मे प्रवेश लेने वाले छात्र, छात्रओं का तिलक चंदन लगा कर स्वागत सत्कार कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश प्रदान, सायकल वितरण किया गया। बच्चों ने नगरपालिका अध्यक्ष से कुर्सी टेबल की मांग कि तुरंत अध्यक्ष ने 2 लाख कि स्वीकृति दी। गुरुजन एवं बच्चों ने आभार व्यक्त किया के इसके पश्चात बच्चों के शाला प्रवेश को यादगार बनाने के लिए सभी बच्चों के फिंगर प्रिंट लिये गये। इस दौरान कक्षा 06वीं, 9वी के सभी नव प्रवेशित बच्चो को शाला परिवार के तरफ से न्यौता भोजन कराया गया। शाला के प्राचार्य श्री नायर ने छात्र, छात्रओं को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र सुराना, आरके जैन, पार्षद संतोष पात्र, जॉन सर, पांडे सर उपस्थित रहे।

# ठगी के मामलों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा

सरकारी कर्मचारियों को लाखों लाखों का लाभ होने का ख्वाब दिखाकर एक साथ एक से अधिक बैंकों से लाखों लाखों रुपए ऋण स्वीकृत कराकर ठगी करने का अनोखा मामला इन दिनों सुर्खियों में है।



केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ध्रुव ने केंद्र सरकार के वित्त मंत्री एवं गृहमंत्री को पत्र प्रेषित करके जांच कराने की मांग किया है। पूर्व विधायक ने यह आशंका जाहिर किया है कि बैंकों से ऋण के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उपयोग कहाम किया गया, यह पता लगाया जाना जरूरी है। इतनी बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों से लाखों लाखों रुपए की ठगी करके करोड़ों रुपए इकट्ठा कर लेने वाले ठगों के द्वारा ठगी से अर्जित करोड़ों रुपये का उपयोग कहीं राष्ट्र विरोधी गतिविधि में तो नहीं किया जा रहा। यह आशंका जाहिर करते जांच कराने की मांग पूर्व विधायक द्वारा किया गया है।

# जिला वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न, 1230 पट्टों का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य रामदई नाग व रदमा बघेल एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

■ वन अधिकार पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर हुई चर्चा

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि वन अधिकार के लिए प्राप्त आवेदनों और दस्तावेजों की समुचित जांच के बाद जो आवेदक पात्र हैं उन्हें ही पट्टा वितरण करें। बैठक में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी कि समिति की गत बैठक में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र और सामुदायिक वन अधिकार के लिए कुल 1346 प्रकरणों पर चर्चा हुई थी। जिसमें 1274 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के आवेदनों में से 1230 का वितरण किया जा चुका है और 44 आवेदन के लिए शेष है। इसी प्रकार सामुदायिक वन अधिकार के 23 और सामुदायिक वन संसाधन के 8 प्रकरण का भी वितरण किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि शेष 44 प्रकरणों में से 21 प्रकरण में आपत्ति का निराकरण कर वन मण्डल कोण्डागांव को भेजा गया है। 07 प्रकरणों पर वन परिक्षेत्र अधिकारी माकड़ी के द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है। जिसके पुनः वेरिफिकेशन के लिए निर्देशित किया गया। शेष प्रकरणों में नजरी नक्शा बनाने की कार्यवाही जारी है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीएफओ चुड़ामणि सिंह, एसडीएम कोण्डागांव अजय उरांव, एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम भी उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशित बच्चों को किया सम्मानित, बोर्ड टॉपर्स को मिला स्मृति चिन्ह

# शाला प्रवेश उत्सव में विधायक टेकाम ने बांटीं साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



फरसगांव ब्लाक के ग्राम चरकई में बुधवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए । विधायक ने सभी नवप्रवेशित बच्चों को विद्यालय जीवन की शुरुआत के लिए ढेरों शुभकामनाएं दिए , साथ ही बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित की।

तदपश्चात विधायक ने सरकार की मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना में तहत स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। विधायक ने बच्चों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया एवं एक-एक विद्यार्थी को पेड़ की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी दी। विधायक टेकाम ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस लिए सभी को नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल आकर मन लगाकर पढ़ाई करने कहा और अच्छे अंकों से पास होकर अपने , माता पिता, गांव, जिला और देश का नाम रौशन करना कहा । सभी को अपने उज्वल भविष्य के लिए संकल्प लेने के लिए आग्रह किया ।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति सभापति जदूराम नाग, ग्राम सरपंच प्रमिला मरकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार जय कुमार नाग, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ललित राम सिन्हा, सभी जनपद सदस्य, पार्षदगण, प्रवीर बदेशा, प्रवीण राव सहित ब्लॉक स्तर के शिक्षक और स्कूली बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## पेज 11 के शेष

### वाटर शेड के...

जाएगा। जमीनी स्तर पर काम हुआ नहीं है और राशि निकाल ली गई। काम जिसने किया, उसे रकम नहीं मिली। दूसरी संस्था को भुगतान करके आधा आधा पैसा बांट लेने की भी बात सामने आ रही है। यह कितना सही है, जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

### नक्सलियों पर कसी...

के साथ भानुप्रतापपुर नगर के बारें भी जानकारी लिया। इसके बाद वन मंत्री केदार कश्यप भी भानुप्रतापपुर पहुँचे। दोनो मंत्री नारायणपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, गजानंद डड़सेना, भीखम आरदे, नरोत्तम सिंह चौहान, राजिनदर रंधावा, अभय पांडे, सचिन दुबे, अशोक सोलंकी, वरुण खापर्डे, चंद्रकुमार कटझरे सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

### किसानों को धान...

जारी कर दिया है, यह भाजपा सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। किसान संघ के अध्यक्ष पुनीत राम साहू, उपाध्यक्ष रामसुख पटेल एवं उमेश साहू ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों के लिए आर्थिक राहत का काम करेगा और इससे उनका विश्वास सरकार पर और मजबूत हुआ है। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, उपसरपंच निरंजन गंजीर, भाजपा मंडल महामंत्री कन्हैया नेताम, किसान नेता भुवन भारती, महेंद्र कुमार साहू, जगदीश नेताम, संतोष नेताम, दऊवालाल देवांगन, अमर सिंह पटेल, मनोहर निषाद, रमेश मरकाम, दुर्गेश कश्यप, नरेश निषाद सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

### ट्रैक्टर ने बाइक...

दिया दिया, जिसमें मोटर सायकल में सवार पिता व पुत्र दोनो सड़क किनारे गिर गए, सड़क किनारे पिता एवं पुत्र के पैर कट गए, पैर कैसे कटे, यह राहगीरों को समझ में नहीं आया। हादसे में घायल हुए पिता सुरेश दर्रो उम्र 32 वर्ष और पुत्र उम्र 08 वर्ष रितेश दर्रो विकासखंड कोयलीबेडा के निवासी हैं और ट्रैक्टर भुसकी गांव का है। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया, वही घायलों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना में बच्चे को देखकर सभी का दिल दहल गया। राहगीरों ने बताया कि ट्रैक्टर का चालक शराब के नशे में था और उसकी लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का...

भी महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन जिस भवन में बच्चों के बैठने की जगह नहीं, वहां पौष्टिक आहार और देखभाल की कल्पना कैसे की जा सकती है। इस केंद्र में जहां नौनिहालों के पोषण, खेल और प्रारंभिक शिक्षा की नींव रखी जाती है, वहाँ के इस तरह की स्थिति से बच्चों के साथ पूरी तरह से अन्याय हो रहा है। ***विभाग की निष्क्रियता उजागर:*** ग्रामीणों का कहना है कि इस विषय को लेकर कई बार महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत और यहां तक कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया जा चुका है, परंतु केवल निरीक्षण और शीघ्र समाधान का आश्वासन ही मिला है और वर्षों से केवल कागजी कार्यवाही हो रही है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि आवेदन देने के बाद विभाग प्रमुख गंभीर नहीं है और इससे विभाग की निष्क्रियता उजागर हो रही है।

## खबर संक्षेप

### एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**भोण्ड।** छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 जून से 1 जुलाई तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के 550 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटो को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास की ओर विशेष ध्यान दिया गया। ताकि आगे जाकर एक जिम्मेदार नागरिक बन सके और देश के विकास में योगदान दें। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटो को मेडल एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल सी दास गुप्ता, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कांडपाल, सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह और पीआई स्टाफ एवं एएनओ ने कैडेटों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बाहर से आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों को हाई कोर्ट से स्टे हटते ही मिली खुशियां

**गीदम।** विगत 12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को हाई कोर्ट से स्टे हटते ही खुशियां मिली। उक्त जानकारी देते



हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि 2013 के बाद से राज्य में प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी। नब्बे प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहीन थे। संस्था प्रमुख की पदस्थापना नहीं होने से अनुशासन और शिक्षा गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा था। सैकड़ों योग्यता और पात्रताधारी शिक्षक पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्त और मृत हो गए। वर्तमान सरकार से सत्ता संभालते ही शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के भारसाधक एवं मुख्यमंत्री से मिलकर इस पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा कर शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से लेकर विभाग को प्राचार्य के आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

### स्थानांतरित कर्मचारियों को रिलीव करने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिला स्तर पर कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में कहा कि विभाग प्रमुख उनके विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को तीन दिवस के भीतर तत्काल रिलीव करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एलडब्ल्यूई एंट्री के तहत संतृप्तिकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इसके तहत विभागों द्वारा दिए गए डेटा के ऑफलाइन एवं पोर्टल की एंट्री में किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं होना चाहिए। क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर पर की जाती है और आंकड़ों में किसी भी प्रकार का अंतर को स्वीकार्य नहीं किया जाता।

# जर्जर व अतिजर्जर शालाओं में बच्चों को नहीं बिठाएं : बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



लगातार बारिश को देखते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया।

जर्जर एवं अतिजर्जर शालाओं में बच्चों को नहीं बिठाये जाने के निर्देश मौके पर दिए गए। साथ ही पानी सीपेज व छत से पानी टपकने वाली शालाओं व जर्जर शालाओं का चिन्हांकन कर वैकल्पिक व्यवस्था मौके पर ही ग्राम सरपंच, पंच व ग्रामीणों के सहयोग से की गई। सर्वप्रथम प्राथमिक शाला जुनावाही संकुल फरसागुड़ा में अतिजर्जर शाला भवन होने के कारण समीप में स्थित सामुदायिक भवन में शाला का संचालन किया जा रहा था किंतु अवलोकन के दौरान उसकी भी स्थिति ठीक न होने के कारण मौके पर ही ग्रामीणों व पन्चो के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र में शाला संचालन की व्यवस्था कर दी गई। दोनों अधिकारियों ने माध्यमिक शाला केवटापारा सिवनी संकुल सिवनी का भी अवलोकन किया। यहां स्थित 5 कमरों में 2 कमरे अतिजर्जर स्थिति में पाया गया जिसमें बच्चों को नहीं बिठाये जाने निर्देशित किया गया। 2 कमरे व 1 कमरे में ही शाला संचालन की व्यवस्था की गई। दर्ज संख्या 23 है। इसके बाद प्राथमिक शाला अमागुड़ा सिवनी का अवलोकन किया गया, जिसमें यह भवन अतिजर्जर स्थिति में पाया गया, यहां शाला का संचालन नहीं किया जा रहा है। नवीन भवन स्वीकृति हेतु जिले को प्राकलन तैयार कर भेजा जा चुका है। समीप स्थित अतिरिक्त कक्ष में वर्तमान में शाला संचालित की जा रही है। यहां के प्रधान अध्यापक को निर्देशित किया गया कि किसी भी स्थिति में जर्जर शाला भवन का उपयोग न किया जाए। इस प्रकार भरी बरसात में बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दोनों अधिकारी प्रतिदिन शालाओं का सतत निरीक्षण एवं अवलोकन किया जा रहा है।

सभी संकुल समन्वयकों को स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दोनो ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा दी गई है। अधिकारियों के साथ संकुल समन्वयक गौतम रात्रे सिवनी, दीपक कुंजाम सोनारपाल, संजीव शर्मा फरसागुड़ा मौके पर उपस्थित थे।

### जैविक खेती को अपनाने किया प्रोत्साहित

# सीईओ ने लिया जैविक खेती व बीज वितरण केंद्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने आज जिले में संचालित बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर एवं बीज भंडारण एवं वितरण केंद्र तथा जैविक खेती करने वाले किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज एवं जैविक आदान सामग्री सुलभ कराने संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

- **किसानों को दी जा रही सुविधाओं का किया निरीक्षण**

इस क्रम में सीईओ ने जैविक आदान सामग्री केंद्र में जीवामृत, हंडी दवा, जैविक उर्वरक आदि की भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जैविक आदान सामग्रियों का अधिक से अधिक किसानों तक वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वितरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं उसका नियमित रिकॉर्ड रखा जाए ताकि किसानों को जैविक खेती की तकनीकी जानकारी व प्रशिक्षण दिया जाए। इससे वे वैज्ञानिक तरीके से खेती कर सकेगें।

इसके अलावा उन्होंने बीज भंडारण केंद्र में किसानों से सीधे संवाद कर बीज वितरण प्रक्रिया और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से शून्य ब्याज दर पर नकद व वस्तु ऋण की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ नाहटा ग्राम कुम्हाररास पहुँचे, जहाँ उन्होंने जैविक विधि से धान की खेती कर रहे किसान जोगा राम कश्यप के खेत का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कतार रोपण, जीवामृत और हंडी दवा के उपयोग जैसी जैविक विधियों की जानकारी ली और किसानों के अनुभवों को जाना।

उन्होंने किसानों को बताया कि जैविक खेती अपनाकर न केवल खेती की लागत को कम किया जा सकता है, बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि की जा सकती है। साथ ही इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। सीईओ द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया कि वे किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

इस निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के उप संचालक सूरज पंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# दुग्ध खाद्य पदार्थ के पैकेजिंग व लेबलिंग में उल्लंघन

## 2 प्रतिष्ठानों पर लगाया अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आगामी त्योहारों को देखते हुए नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, कलेक्टर के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में जिले के विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठान, बेकरी फर्म होटलों, किराना दुकानों विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

इस संबंध में किए गए कार्यवाही के अनुसार जिले के श्रीराम दुग्ध केन्द्र फरसपाल रोड में लिए गए नमूने दुग्ध खाद्य पदार्थ के पैकेजिंग एवं लेबलिंग खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अनुसार नहीं पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के विचारण उपरांत आरोपी क्रमांक 1 श्रीराम दुग्ध केन्द्र फरसपाल रोड दंतेवाड़ा एवं आरोपी क्रमांक 2 बस्तर डेयरी फार्म प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम-बोरपदर, तहसील-बकावंड, जिला-बस्तर, जगदलपुर को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने व धारा 51. 64, 66 के तहत दंडनीय होने से कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए इसकी सुनवाई 30 मई 2025 को नियत की गई। उक्त प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर मानव उपयोग के लिए सुरक्षित तथा स्वास्थ्यप्रद खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी जनस्वास्थ्य से जुड़ा प्रश्न होने के कारण अधिनियम की धारा 49 में उल्लेखित तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त आरोपी क्रमांक 1 श्रीराम दुग्ध केन्द्र, फरसमाल रोड दंतेवाड़ा को भविष्य के लिए चेतावनी साथ प्रथम अपराध को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत पांच हजार रूपये मात्र अर्थदण्ड से दण्डित एवं इसी प्रकार आरोपी क्रमांक 2 बस्तर डेयरी फार्म प्राईवेट लिमिटेड ग्राम बोरपदर तहसील बकावंड जिला बस्तर पर तहत रुपये 60 हजार रुपये का शास्ति अधिरोपित किया गया। इसके अलावा आरोपियों के द्वारा शास्ति की राशि आदेश जारी दिनांक से 1 माह के भीतर जमा नहीं करने की स्थिति में भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूली योग्य होगी और निर्धारित समयावधि में शास्ति की राशि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में आरोपी की अनुज्ञप्ति निलंबित करने हेतु कार्यवाही की जावेगी।

# बटालियन ने स्वास्थ्य जांच कर बांटे रेडियो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम के जावंगा स्थित 231 बटालियन के कमाण्डेंट सुनील भवर के निर्देशन में गांव कोण्डापारा पुलिस थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों को रेडियो सेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर हरिकेश नाथ सहायक कमाण्डेंट सी/231 बटालियन, सुनील कुमार सहायक कमाण्डेंट तथा निरीक्षक, सामान्य ड्यूटी गौतम कुमार एफ/231 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को रेडियो सेट वितरित करते हुए संबोधित किया कि रेडियो के माध्यम से शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है इसलिए आप लोग स्वयं जागरुक होने के साथ-साथ दूसरे साथियों को भी शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुक बनाएं। इस अवसर पर 231 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य चैकअप किया गया तथा जरूरतमंदों को आवश्यकतानुसार परामर्श व दवाईयां प्रदान की गई तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अरनपुर के उप सरपंच जोगा कुवासी, अरनपुर थाना प्रभारी शंकर ध्रुव तथा आस-पास के गांवों के गणमान्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, जिन्होंने 231 बटालियन द्वारा आयोजित सिविक एक्सन कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### मां दंतेश्वरी समन्वय समिति संचालित वृद्धा आश्रम को मिला ई-रिक्शा



**दंतेवाड़ा।** जनसरोकार और कल्याणकारी योजनाओं की दिशा में एक संवेदनशील पहल करते हुए, माँ दंतेश्वरी समन्वय समिति द्वारा संचालित हारम स्थित वृद्धा आश्रम को एक ई-रिक्शा प्रदान किया गया। यह ई-रिक्शा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम के करकमलों से वृद्धा आश्रम समिति को सौंपा गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने इस अवसर पर कहा, वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हमारा दायित्व है। यह ई-रिक्शा उनके दैनिक जीवन को अधिक सहज और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने कहा कि आने वाले समय में भी वृद्धा आश्रम की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा।

# नशा सेवन कर गाड़ी न चलाने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम नगर पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित जिला ड्राइवर संघ की बैठक में अध्यक्ष रजनीश सुराना ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

- **नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिला ड्राइवर संघ के साथ की बैठक**



इस बैठक में बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड में वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने और स्वच्छता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नगर पंचायत गीदम मुख्य नगर पालिका अधिकारी तुलसी प्रधान, उप अभियंता मुकेश कोर्राम, पार्षद श्रीकांत राव, अवधेश गुप्ता, जिला ड्राइवर संघ के अध्यक्ष मनीष पांडे उपस्थित रहे। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड में वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने, स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा। साथ ही नशे का सेवन कर गाड़ी न चलाने की समझाइश दी व यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है, इसका ध्यान रखा जाए। ड्राइवर संघ अध्यक्ष ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष की बातों पर सहमति जताते हुए नगर के विकास के लिए हर संभव योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर को व्यवस्थित करने में हम भी अपना पूरा योगदान देंगे।

गौरतलब हैं कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा पहल कर नगर के बस स्टैंड में बने पुलिस सहायता केंद्र को भी खुलवाया गया। जिससे कि बस स्टैंड में लोगों को आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं मिल सके और यात्रा करने वाली महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।

### कलेक्टर ने नैमेड़ स्थित फिश हैचरी का किया अवलोकन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने सोमवार को नैमेड़ स्थित शासकीय फिश हैचरी का अवलोकन कर हैचरी में मछली बीज उत्पादन की जानकारी ली। कलेक्टर ने मत्स्य पालन के जरिए रोजगार मूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मांग के अनुरूप स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने उन्नत किस्म के मछली बीज मत्स्य कृषकों, मत्स्य पालन समूह को उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

# आश्रम से बाहर जाने का प्रयास करने वाले दो बच्चों को जिला प्रशासन ने परिजनों को सकुशल सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

केरलापाल विकासखण्ड अंतर्गत संचालित पोंगाभेज्जी बालक आश्रम छात्रावास से दो बच्चों द्वारा परिसर से बाहर जाने का प्रयास किए जाने की जानकारी पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए। दोनों बच्चे जीरमपाल क्षेत्र में परिजनों के पास सुरक्षित पाए गए, जहां से उन्हें प्रशासन की निगरानी में पुनः लाकर उनके पालकों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों बालक ग्राम चिंगावरम के निवासी हैं एवं पोंगाभेज्जी बालक आश्रम छात्रावास में अध्ययनरत हैं। छात्रावास से बाहर निकलने के उपरांत वे जीरमपाल पहुंच गए थे। जैसे ही प्रशासन को बच्चों के आश्रम से बाहर होने की सूचना प्राप्त हुई। कलेक्टर के निर्देशानुसार त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्रीय अमले को सक्रिय किया गया तथा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। प्रशासन द्वारा बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके पालकों को सौंप दिया गया है। साथ ही आश्रम में बच्चों की देखरेख, निगरानी एवं अनुशासन व्यवस्था में संभावित लापरवाही के संबंध में आश्रम अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

# नशामुक्ति का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जिला कोटपा प्रवर्तन दल द्वारा नशा मुक्ति आभियान के तहत बकावंड थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थानेदार ने कहा कि नशा आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति के परिवार और समाज पर भी इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। शराब, तंबाकू, सिगरेट, ड्रग्स जैसे नशे के पारंपरिक रूप तो आम हैं ही, लेकिन मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यदि समाज भी इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जाए, तो नशे पर काबू पाया जा सकता है। एक नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ बल्कि सशक्त भी होता है। हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम में दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

# कलेक्टर ने दिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में नियद नेल्ला नार क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणाओं की अद्यतन कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुसार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियद नेल्ला नार क्षेत्र जैसे माओवाद प्रभावित अंचलों में शासन की कल्याणकारी योजनाएं विकास की नींव साबित हो रही हैं। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और समय-सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने अपने मैदानी भ्रमण में दिए निर्देश व जनदर्शन कार्यक्रमों के दौरान प्राप्त आवेदनों पर दिए गए निर्देशों की भी विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि ऐसे आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति, एवं समय पर पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश। साथ ही किसानों को समय पर बीज कीट एवं अन्य कृषि इनपुट वितरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने नियद नेल्ला नार क्षेत्र में शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने और मितानिनों के रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति करने के लिए चिन्हांकन एवं प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश। उन्होंने बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं प्रदान के साथ ही मैदानी अमलों को नियमित निरीक्षण करने की हिदायत दी।

नियद नेल्ला नार क्षेत्र में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर निगरानी हेतु नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नोडल अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक लेने व वास्तविक स्थिति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। माओवाद मुक्त बड़ेसेटटी पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाना है। कलेक्टर ने सभी विभागों को बड़ेसेटटी पंचायत में हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ प्रदान करने एवं पंचायत को एक आदर्श इकाई के रूप में विकसित करने हेतु योजनाबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### समर्थ दुबे का आईएटी में 2196 रैंक

**जगदलपुर।** शहर के व्यवसायी दुर्गेश दुबे के होनहार बेटे समर्थ दुबे ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा आयोजित आईएटी 2025 की प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया में 2196 रैंक प्राप्त कर शहर एवं राज्य का नाम रौशन किया है।
इस साल आईएटी में 2 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। आईआईटी की तरह आईआईएसईआर राष्ट्रीय महत्व का संस्थान हैं इसकी स्थापना विश्वस्तरीय रिसर्च सुविधाएं एवं योग्य वैज्ञानिक देश को उपलब्ध कराना है। समर्थ ने 10वीं तक की पढ़ाई जगदलपुर डीपीएस से की है।

### नशा मुक्त भारत एक युद्ध नशे के विरुद्ध हुआ कार्यक्रम

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन के अन्तर्गत नशा मुक्त भारत एक युद्ध नशे के विरुद्ध राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हुआ। जिला स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम एवं चालानी कार्यवाही जिला टास्क कोर्स के सदस्यों तथा जिला कोटपा प्रवतन दल के सदस्यों द्वारा थाना प्रभारी बकावंड के डोमेन्द्र सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। इसमें विनय कुमार शर्मा, नगरपालिका स्वास्थ निरीक्षक जगदलपुर मुन्नाराम शांडिल्य, आरक्षक बकावंड जगत कश्यप, बकावंड शैलेन्द्र श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर डीडी मानिकपुरी, समाज कल्याण विभाग सुरेश पुरेना, आबकारी विभाग निरीक्षक यूएस साहू, बकावंड के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते की उपस्थित में यह कार्यक्रम एक युद्ध नशे के विरुद्ध सम्पन्न हुआ।

### रिडेवलपमेंट स्कीम पर की चर्चा

**जगदलपुर।** बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा से मुलाकात कर गृह निर्माण मंडल को निर्माण कार्य एवं रिडेवलपमेंट स्कीम हेतु अनुरोध कर चर्चा किया गया। कोकड़ापारा में अटल विहार योजना का कार्य शीघ्र चालू करने कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए, पूर्व निर्मित कॉलोनी कोटपाल का निर्माण पूर्ण हो गया है, भवनों का आधिपत्य हितग्राहियों को शीघ्र दिया जाएगा। इस दौरान गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उपायुक्त जीपी प्रजापति एवं दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंता पंकज मिश्रा शामिल रहे।

### चिकित्सकों को गुलाब देकर किया सम्मान

**जगदलपुर।** डॉक्टर दिवस के अवसर पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर समस्त चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ व गुलाब भेंट कर शुभकामनाएं दी। सुशील मौर्य ने कहा डॉक्टरों ने अपनी निपुणता और परिश्रम से विशेष पहचान बनाई है। वे वास्तव में स्वास्थ्य के रक्षक और मानवता के स्तंभ हैं। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,महामंत्री अल्ताफ उल्ला खान, बी ललिता राव,पार्षद शुभम यदु, लोकेश चौधरी,जस्टिन भवानी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप दास, ज्योति राव,शादाब अहमद, आदर्श दलाई, उस्मान रजा, मोहसिन खान मौजूद रहे।

**आयोजन : बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर किया स्वागत**

# स्वामी आत्मानंद में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

# विधायक ने की कुर्सी देने व शेड निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

नरहरपुर के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। जनभागीदारी समिति के द्वारा प्रार्थना के लिए शेड निर्माण तथा शिक्षकों के लिए कुर्सी की मांग करने पर विधायक ने बीस नग कुर्सी व शेड निर्माण की घोषणा किया।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरुआत को उत्सव में बदला गया। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य दिलेशवर साव ने स्वागत उद्बोधन व वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मनंद गजबीये ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी चाहिए वहीं शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि गांव का हर बच्चा स्कूल आए, शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रुचि लें। आप अपने बच्चों से रोज पूछें कि आज स्कूल में क्या सीखा, इससे बच्चे न केवल उत्साहित होंगे, बल्कि शिक्षक भी बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और साथ ही बेहतर परिणाम लाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। विधायक आशाराम ने स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया तथा सभी को इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम, उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, पार्षद मुकेश संचेती, खंड शिक्षा अधिकारी कीर्ति कुमार साहू, राजेश नाग मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, पार्षद भागवत शोरी, अनिता यादव, सुशीला धुव, रंगिता उईके, आशा रावटे, उमा सिन्हा, रेवति सिन्हा, शिक्षक मयाराम जैन, सुनिति धुव, नेमिचंद सिन्हा, सुनील रत्नेश, सरिता दर्रो, चन्द्रहास यादव, अजय गुप्ता, वैशाली ठाकुर, सपना नेताम, सुधा कौशल, निता जैन, पुष्पा भगत, अंकिता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



### संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में हुआ शिक्षकों का सम्मान



**चारामा।** संकुल केन्द्र गोलकुम्हड़ा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव माध्यमिक विद्यालय बाबूकोहका में मनाया गया। प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया गया। बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल होने एवं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के साथ शिक्षकों का शैक्षिक गतिविधियों के साथ अन्य रचनात्मक क्रियाकलापों में सहयोग एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सराधूनवागांव कलिता गोटी, संकुल प्राचार्य अर्चना साहू, संदीप राजपूत, देवकी नेताम, प्रेमलाल सलाम, पुनित कोर्राम, प्रताप नेताम, वीरेन्द्र मेहता, सीताराम सलाम, पन्ना लाल बघेल, बीरबल गढ़पाले, यजेंन्द्र वासनीकर, लक्ष्मण सिंहा, बसंत सिन्हा, ज्ञानेश्वरी नेताम, संतोषी शोरी, ठाकुर राम समेत संकुल के समस्त शिक्षकगण शामिल रहे।



### तरान्दुल में संकुल स्तरीय मना शाला प्रवेश उत्सव

**कांकेर।** पहाड़ी पर स्थित संकुल केन्द्र तरान्दुल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शाउमावि तरंदुल के प्रांगण में किया गया। शासन की योजना एवं दिशा निर्देशन में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच संगीता गोटा उपस्थिति में किया गया। अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं प्राथमिक, माध्यमिक शाला के बच्चों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक सभी छात्र छात्राओं को वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगीता गोटा ने कहा कि शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी है पढ़ लिख कर ही बच्चे विकास के मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं और बच्चों के भविष्य पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है, इसलिए प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन स्कूल आना है और शिक्षक द्वारा जो अध्यापन कराया जाता है उसे घर में जाकर भी तैयारी करना है। शिक्षा समिति के सभापति एवं उपसरपंच रामेश्वर कोर्राम ने बच्चो को नियमित स्कूल आने, संस्था की हर गतिविधियों में भाग लेने कहा। शासन चाहता है कि प्रत्येक बच्चा संस्था की हर गति में भाग ले और सभी अपनी सहभागिता निभाएं। अन्य सभी वक्ताओं ने भी बच्चों को नियमित स्कूल आने व पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने, पढ़ाई के प्रति लगन के साथ पड़ने व तरान्दुल का नाम पूरे प्रदेश स्तर पर रौशन करने कहा है। अध्यापन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी तरान्दुल का नाम लगातार चल रहा है, तो सभी बच्चे रेडक्रॉस स्काउट गाइड इको क्लब गणित क्लब विज्ञान क्लब सांस्कृतिक के माध्यम से सभी गतिविधियों में सहभागिता करें एवं सभी बच्चों को एक पौधा अनिवार्य रूप से अपने मां के नाम से लगाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य चंद्रकांत साहू, धर्मेन्द्र नायक, देवनाथ कोरेटी, प्रदीप कुमार सेन, विष्णु जूरी, राजेंद्र रावटे, प्रवीण कोर्राम, कुसुम लता रंगारे, येनेन्द्र कोमार्य, संजय यदु, ठाकुर राम कुल्हारे, नसीर मोहम्मद, डिकेश साहू, एवन देवांगन, देवलाल मानकर, मोहनलाल नाग, संजय पोर्ते, महेश कोरेटी, नितिन ध्रुव निर्मलकर, रेखराम सिवाना व सभी पंचगणों, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आदिवासी कांग्रेस ने की तुषार ठाकुर के निष्कासन को रद्द करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- आदिवासी कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

आदिवासी कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के नेताओं ने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के सामने क्षेत्र के आदिवासी नेता एवं पार्षद तुषार ठाकुर के निस्कासन को रद्द करने की माँग किया है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आवेदन सौंपते हुए स्थानीय आदिवासी कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया कि पार्षद का निष्कासन गलत तरीके से किया गया है। शहर की राजनीति से जागरूक आदिवासी नेता को हटाने का प्रयास हैं। तुषार ठाकुर शहर के उस वार्ड से दो बार चुनाव जीत कर पार्षद बने है, जहा बीजेपी के नेताओं का निवास है। नगर पंचायत चुनाव में भाजपा पूरे शहर में जीत गए, लेकिन अध्यक्ष प्रत्याशी के वार्ड में भाजपा को हराने का काम तुषार ठाकुर ने किया। इसके बावजूद व्यक्तिगत दुश्मनी को पार्टी मे ला कर कुछ लोगों के द्वारा दो बार के पार्षद तुषार ठाकुर को साइड लाइन करने का पूरा प्रयास किया गया हैं।

क्षेत्र के कुछ आदिवासी नेता भी जानते है कि भविष्य की राजनीती मे उनके लिए अड़चन पैदा कर सकते हैं, जिसके देखते हुये कई नेता नहीं चाहते की उनकी वापसी हो। क्षेत्र के आदिवासी जनप्रतिनिधि व उनके समर्थको के द्वारा बहुत ही जबरदस्त निष्कासन का विरोध किया गया। जिसमें एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कडियाम, सरपंच प्रतिनिधि चौगेल, संजय नेताम, दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के अध्यक्ष गोपी बढ़ा, उपाध्यक्ष आनंद तेता, दीनदयाल पटेल, रवि साहू, सियाराम दर्रो, योगेश यादव, फत्तेसिंग नेताम, जगदीश दुग्गा, अरुण दुग्गा, सेवाराम पटेल, लच्छन निषाद, राहुल यादव,रवि दुग्गा, उदय पूरामे, जगदिप आडिल, रामशरण यादव, प्रमोद उयके, दीपक गुप्ता , सौरभ नूनहारे, रझ्झू बिझेकर, पंकज धनकर, मनीष टांडिया, दिनेश सोनवानी , मनीष सोनवानी, नन्द कुमार नेताम, देवेन्द्र नाग, उमेश कोमरे, जितेन्द्र नाग, मुकेश हिडको, अशवन कोमरे, राकेश पुडो, रुपसिंग पुड़ो, भुपेंद्र जैन सहित सैकड़ो जनप्रतिनिधि व सरपंच उपस्थित रहे।



## भावी चिकित्सकों व स्टाफ ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर महारानी अस्पताल में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। बस्तर संभाग के नवनियुक्त संयुक्त संचालक डॉ. महेश साडिया के मुख्य आतिथ्य और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं नोडल अधिकारी डॉ. सी मैत्री के विशेष अतिथि में रक्तदान शिविर का समापन संपन्न हुआ। शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के भावी चिकित्सकों द्वारा भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया गया। शिविर के समापन अवसर पर डॉ. श्रेयांश जैन के विशेष प्रयास से भाग लेने वाले एवं शिविर को सफल बनाने वाले डिमरापाल की टीम, महारानी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम और रक्तदाता चिकित्सक, स्टाफ के लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में विशेष रूप से अपना योगदान देने वालों को आईएमए की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के डॉ. डीकेस रात्रे, महारानी अस्पताल सलाहकार डॉ. नीरज ओझा, बिपिन तिवारी और सभी साथी कर्मचारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## रात्रि कालीन संस्थागत प्रसव नहीं करवाने वालों पर जारी करें स्पष्टीकरण : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस बुधवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। संस्थागत प्रसव की जिले में स्थिति का समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों में जहां तीन माह से रात्रिकालीन संस्थागत प्रसव नहीं हुआ उन संस्थान पर काम करने वाले बीएमओ, बीपीएम, सेक्टर सुपरवाइजर को नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके अलावा बस्तर और मुंडागांव सेक्टर के अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही रात में ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की उपस्थिति नहीं होने पर विभागीय जांच करवाने के निर्देश भी दिए। संस्थागत प्रसव सुविधा को ब्लॉक में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि प्रसव के लिए अन्य अस्पतालों में ना जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर उपस्थित रहे ताकि प्रसव की सुविधा गर्भवती महिलाओं को मिल सके। कलेक्टर ने उच्च स्वास्थ्य केन्द्रों पर रिफर करने के कारण का समीक्षा करते हुए कहा कि हाई रिस्क गर्भवती को छोड़ कर अन्य मरीजों को उच्च संस्थान न भेजा जाए। उन्होंने यूपीएचसी में रात्रि कालीन संस्थागत प्रसव का भी संज्ञान लिया।

जिले में मातृ मृत्यु दर के कारण का समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर की वास्तविकता का संज्ञान लेने और रिपोर्टिंग प्रापर तरीके से करने निर्देशित किया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जिला स्तर पर इसकी लगातार समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में एचआरपी के नॉर्म्स की जानकारी फील्ड के कर्मचारियों को होना चाहिए साथ ही उनके चिन्हांकन करने का कार्य भी किया जाए।

### बस्तर के कांग्रेसियों से प्रदेश अध्यक्ष की चर्चा

**जगदलपुर।** राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 7 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रायपुर आगमन पर आयोजित किसान, जवान ,संविधान जनसभा कार्यक्रम को लेकर बस्तर संभाग स्तरीय बैठक ली। उन्होंने समस्त जिला प्रभारियों कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं से कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का छतीसगढ़ आगमन हो रहा है इसलिए उनके आगमन को भव्य बनाने भारी संख्या में कांग्रेस जनों को उपस्थित रहना है। इस मौके पर विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, रेखचंद जैन , रवि घोष , सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# युक्तियुक्तकरण को लेकर छात्र संगठन ने चक्काजाम करते हुए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

- पखांजूर में रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

आदिवासी छात्र युवा संगठन और एनएसयूआई के द्वारा संयुक्त रूप से नया बाजार बस स्टैंड से रैली निकालकर युक्तियुक्तकरण नीति का विरोध किया और नारे बाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर को ज्ञापन सौपा। रैली के दौरान आदिवासी छात्र युवा संगठन एवं एनएसयूआई छात्र संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा सुबाषचंद्र बोस चौक के पास युक्तियुक्तकरण नीति को रद्द करो, छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के साथ छेड़छाड़ करना बंद करो नारों के साथ आधा घंटा तक चक्काजाम किए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति के तहत 10,463 सरकारी स्कूलों को बंद करने और लगभग 35,000 शिक्षक पदों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। यह नीति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।




इस नीति के कारण ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों विशेष रूप से दुर्गम क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि स्कूलों के बंद होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर-दराज के स्कूलों में जाना पड़ेगा, जो विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में असंभव है। इससे ड्रॉपआउट दर दो प्रतिशत बढ़ने की आशंका है। 35,000 शिक्षक पदों का समाप्त होना न केवल शिक्षकों के लिए आर्थिक संकट पैदा करेगा, बल्कि प्रशिक्षित युवाओं की भविष्य की संभावनाओं पर भी विपरीत प्रभाव डालेगा। भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियां पहले से मौजूद हैं, यह नीति शिक्षा के अवसरों को और सीमित कर देगी।

आदिवासी छात्र युवा संगठन अध्यक्ष राजेश नुरूटी, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमेटी, गीता दुग्गा, दुर्गकोंदल अध्यक्ष मानसू आँचला, बल्ली वड्डे धनसाय हुर्रा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सुभाशीष साना, जिला सचिव रामेन सरकार, विक्रम मालिक, रोहन विश्वास, मोनिका गावड़े रितेश दुग्गा, कमलेश हुपेंडी, दुर्गू हिड़को, दीपांकर सरकार, संजय सलाम, संजय सलाम आदि उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनकारियों की मांग**

युक्तियुक्तकरण नीति को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय को रद्द किया जाए और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। आत्मानंद विद्यालयों के लिए पर्याप्त बजट आवंटन किया जाए। सीजी सेट परीक्षा के परिणाम तत्काल घोषित किए जाएं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411